# रेलवे का नया सुपर ऐप 'स्वा रेल'

## एक ही जगह मिलेंगी सारी सुविधाएं




**नई दिल्ली/ मुंबई।** भारतीय रेल जल्द ही अपना सुपरऐप लेकर आ रहा है। इस सुपरऐप की बीटा टेस्टिंग हाल ही में एनड्राइड-आईफोयूजर्स के लिए शुरू की गई है। कुछ बीटा टेस्टर इस सुपर ऐप के फीचर्स फिलहाल टेस्ट कर रहे हैं। भारतीय रेलवे की आधिकारिक टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म आईआरसीटीसी अपने इस सुपर ऐप में कई सर्विसेज को एक साथ इंटिग्रेट करने वाला है, जिसकी वजह से रेल यात्रियों को एक नया एक्सपीरियंस मिलेगा। पिछले शुक्रवार को भारतीय रेलवे ने इसका बीटा वर्जन रिलीज किया है। बीटा टेस्टर्स ने भारतीय रेल के इस सुपर ऐप के एक्सपीरियंस और कुछ फीचर्स को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया है।

- **आईआरसीटीसी ने लॉन्च किया नया ऐप**
- **ऐप की बीटा टेस्टिंग एनड्राइड-आईफोन पर शुरू**

### दस साल पहले लॉन्च किया था 'रेल कनेक्ट'

आईआरसीटीसी ने ऑनलाइन रिजर्वेशन करने के लिए **'रेल कनेक्ट'** मोबाइल ऐप को 10 साल पहले 2014 में लॉन्च किया था। लॉन्च के बाद यूजर एक्सपीरियंस बेहतर बनाने के लिए कई बार अपग्रेड किए गए। इस ऐप में फिलहाल आप ऑनलाइन रिजर्वेशन टिकट बुक करने के साथ-साथ, टिकट कैंसिलेशन, टीडीआर फाइल, ई-चार्ट आदि की सुविधा ले सकते हैं। भारतीय रेलवे का नया सुपर ऐप यूजर्स एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के साथ-साथ एक ही जगह पर इंटिग्रेटेड सर्विस ऑफर करेगा।

### यात्रा के दौरान हर सुविधा रहेगी उपलब्ध

भारतीय रेल के इस सुपर ऐप में यूजर्स को ऑनलाइन रिजर्वेशन टिकट बुक करने के साथ-साथ जनरल या यूटीएस टिकट बुक, प्लेटफॉर्म टिकट, कैटरिंग और रेल मदद जैसी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। भारतीय रेलवे की ये सभी सुविधाएं फिलहाल अलग-अलग ऐप के जरिए ली जा सकती हैं। रिजर्वेशन टिकट बुकिंग सर्विस, अनारक्षित या जनरल टिकट बुकिंग सर्विस, प्लेटफॉर्म टिकट बुकिंग सर्विस, ट्रेन रनिंग स्टेटस, कोच पोजीशन और ऑनलाइन रिजर्वेशन चार्ट, पार्सल सर्विस, फूड-ऑन ट्रैक या ई-कैटरिंग सर्विस, रेल मदद (यात्रा के दौरान किसी भी तरह की मदद)।

### यूजर्स एक्सपीरियंस होगा बेहतर

भारतीय रेल का यह सुपर ऐप यूजर्स को अलग-अलग सर्विसेज के लिए अलग-अलग ऐप रखने की जरूरत को खत्म कर देगा। रेल यात्री अपने स्मार्टफोन में इस एक ऐप के जरिए ही इन सभी सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। बीटा टेस्टिंग करने वाले यूजर्स फिलहाल इस ऐप पर मौजूद सभी सर्विसेज को टेस्ट कर रहे हैं। टेस्टिंग करने के बाद वे इस ऐप का फीडबैक शेयर करेंगे। IRCTC बीटा टेस्टिंग के बाद इसका स्टेबल वर्जन सभी यूजर्स के लिए रोल आउट करेगा। हालांकि, बीटा टेस्टिंग और फाइनल वर्जन के फीचर्स में कुछ बदलाव हो सकते हैं।

# बच्ची को इंजेक्शन लगा व्यक्ति फरार

**मुंबई।** मुंबई के भांडुप से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, यहां नौ वर्षीय एक स्कूली लड़की स्कूल से अपने घर जा रही थी तब एक अज्ञात व्यक्ति ने लड़की को अकेला पाकर उसे इंजेक्शन लगाया और वहां से फरार हो गया। लड़की भांडुप के एक नामित स्कूल में पढ़ती है और 31 जनवरी को वह स्कूल के मैदान में खेलने गई थी।

- **स्कूल के मैदान में खेलने गई थी छात्रा**

घटना के बारे में लड़की ने अपने माता पिता को बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति उसे स्कूल परिसर में एक सुनसान जगह पर ले गया और उसे एक इंजेक्शन दिया, घटना की गंभीरता को देखते हुए माता-पिता ने तुरंत बच्ची को इलाज के लिए पास के अस्पताल में दिखाया और भांडुप पुलिस से शिकायत की। भांडुप पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए 4 टीमों को नियुक्त किया है, स्कूल परिसर में लगे सीसीटीवी को चेक किया गया। इसमें ऐसा कोई खास सुराग पुलिस को अब तक नहीं मिला है। पुलिस स्कूल के शिक्षकों, कर्मचारियों के बयान दर्ज कर रही है। बच्ची का ब्लड टेस्ट, एक्स-रे और अन्य टेस्ट किए गए हैं और सभी रिपोर्ट सामान्य आई हैं। सीसीटीवी में भी बच्ची स्कूल के ग्राउंड में खेलती नजर आ रही है और फिर वह अपनी क्लास में अपनी सहेली के साथ खेलती नजर आ रही है। इस बीच, पुलिस ने जानकारी दी है कि लड़की को इलाज के लिए वाडिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### वीरमाता जिजाबाई भोसले वनस्पति उद्यान और प्राणिसंग्रहालय

# 'मुंबई पुष्पोत्सव' ने डेढ़ लाख मुंबईकरों को किया मोहित

**मुंबई।** विभिन्न रंग-बिरंगे फूलों से सजी राष्ट्रीय प्रतीक, प्रतीक चिह्न, फलों और फूलों से सजी सब्जियों की प्रदर्शनी, बागवानी में उपयोग होने वाली खाद और औजारों की खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़ और आकर्षक फूलों को देखने के लिए आए छोटे बच्चे – ऐसे खुशनुमा माहौल में मुंबई पुष्पोत्सव का समापन 02 फरवरी हुआ। इस पुष्पोत्सव, अर्थात वार्षिक उद्यानविद्या प्रदर्शनी में लगभग डेढ़ लाख मुंबईकरों ने भाग लिया। बृहन्मुंबई महानगरपालिका और वृक्ष प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में भायखला स्थित वीरमाता जिजाबाई भोसले वनस्पति उद्यान और प्राणिसंग्रहालय में 31 जनवरी से दो फरवरी तक वार्षिक उद्यानविद्या प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। मनपा आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगराणी, अतिरिक्त मनपा आयुक्त (पूर्व उपनगर) डॉ. अमित सैनी के मार्गदर्शन में उप आयुक्त (उद्यान) चंदा जाधव, उद्यान अधीक्षक जितेंद्र परदेशी की देखरेख में आयोजित इस आयोजन को नागरिकों और पर्यटकों का जबरदस्त प्रतिसाद मिला। इस वर्ष के पुष्पोत्सव के लिए 'राष्ट्रीय प्रतीक' की थीम को अपनाते हुए उद्यान विभाग ने रुपया, तिरंगा ध्वज, गंगा नदी, गंगा डॉल्फिन, आम, मोर, जलेबी आदि की पुष्प प्रतिकृतियां तैयार कीं। साथ ही, विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधे, रंग-बिरंगे फूलों के पौधे, औषधीय वनस्पतियों को भी प्रदर्शनी में शामिल किया गया। अभिनेता जैकी श्रॉफ, श्वेता बच्चन, अभिनेता अरुण कदम, अभिनेत्री नेहा जोशी सहित विभिन्न फिल्मी कलाकारों, प्रतिष्ठित नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्पोत्सव में शिरकत की। प्रदर्शनी के साथ-साथ बागवानी से जुड़ी वस्तुओं की बिक्री, फूल-फलों और पौधों के लिए खाद आदि की प्रदर्शनी में भी बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमियों और नागरिकों ने भाग लिया।



# 2739 किलोमीटर नए रेलवे ट्रैक बिछाए गुजरात में



**अहमदाबाद।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक फरवरी को प्रस्तुत बजट में रेलवे के लिए किए गए प्रावधानों के संदर्भ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल के लिए कुल बजट परिव्यय 2,52,200 करोड़ रुपए है। रेल भवन से गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान की मीडिया से बात करते हुए, रेलमंत्री वैष्णव ने बताया कि इस वर्ष गुजरात राज्य के लिए 17,155 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो 2009-14 के औसत वार्षिक परिव्यय का 29 गुना है। 2009-14 के बीच 132 किमी/वर्ष की तुलना में अब 249 किमी/वर्ष ट्रैक बिछाए जा रहे हैं। 2014 से गुजरात में 2,739 किमी नए ट्रैक बिछाए गए हैं, जो डेनमार्क के पूरे रेल नेटवर्क से भी अधिक है। 30,826 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 2950 किलोमीटर की चल रही 42 परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। 6303 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 87 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। 2014 से अब तक 3,144 किलोमीटर रेल लाइन का विद्युतीकरण किया गया है और इसके साथ ही गुजरात अब 97% विद्युतीकृत हो चुका है। श्री वैष्णव ने आगे कहा कि भारतीय रेल देश भर में सभी के लिए तेज़, सुरक्षित और आरामदायक रेल यात्रा का विस्तार करने के लिए पूरी तरह तैयार है। देश को अगले दो से तीन वर्षों में 200 नई वंदे भारत ट्रेनें, 100 अमृत भारत ट्रेनें, 50 नमो भारत रैपिड रेल और 17,500 सामान्य नॉन एसी कोच मिलने की उम्मीद है। इस वर्ष के बजट में रेलवे की 4,60,000 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं का उल्लेख है। सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए, बजट में विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से भारतीय रेल की सुरक्षा बढ़ाने के लिए इस वर्ष व्यय के लिए 1,16,000 करोड़ रुपये से अधिक की महत्वपूर्ण राशि आवंटित की गई है।

- डेनमार्क के पूरे रेल नेटवर्क से भी ज्यादा
- गुजरात राज्य का कुल परिव्यय 17,155 करोड़

# भारतीय रेलवे ने मनाया जश्न

**मुंबई।** भारतीय रेलवे तीन फरवरी को इस ऐतिहासिक दिन पर रेलवे विद्युतीकरण की शताब्दी मना रहा है। इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर को मनाने के लिए, देश भर में विभिन्न क्षेत्रीय कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। पुणे में, प्लेटफार्म नंबर 1 पर स्टेशन निदेशक के कार्यालय के पास एक प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें रेलवे विद्युतीकरण के विकास को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में विंटेज डीसी और आधुनिक एसी आइटम प्रदर्शित किए गए, जो पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय तकनीकी प्रगति की जानकारी देते हैं। राजेश कुमार वर्मा डीआरएम, बृजेश कुमार सिंह एडीआरएम, सीपीएम, सीएमएस, सभी शाखा अधिकारियों के साथ, पुणे मंडल में रेलवे विद्युतीकरण के शताब्दी समारोह का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त, पुणे मंडल के एक अधिकारी को तीन फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) में महाप्रबंधक की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में भाग लेने के लिए नामित किया गया था। समारोह के एक हिस्से के रूप में, जीएम ने प्रत्येक मंडल अधिकारी को एक प्रतीकात्मक पौधा भेंट किया, जिससे हरित भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई। आने वाले दिनों में, वृक्षारोपण अभियान, सेमिनार और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान सहित कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है।



- रेलवे विद्युतीकरण के सौ वर्ष पूरे
- पुणे स्टेशन पर प्रदर्शनी का आयोजन

# वसई-विरार में मच्छरों का प्रकोप

**विरार।** वसई विरार महानगरपालिका ने वसई विरार शहर में मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। इसके लिए मच्छरों से प्रभावित 99 स्थानों की पहचान की गई है और वहां एक विशेष रसायन का उपयोग करके मच्छरों को पूरी तरह से खत्म किया जाएगा।कीटनाशकों का छिड़काव भी अब दो बार किया जाएगा। वसई विरार शहर में मच्छरों की भयानक समस्या बढ़ गई है। शाम होते ही पक्षियों के झुंड की तरह मच्छरों के झुंड आसमान में दिखाई देने लगे हैं। शाम होते ही पक्षियों के झुंड की तरह मच्छरों के झुंड आसमान में दिखाई देने लगे हैं। इसके कारण नागरिक शाम को अपने घरों के बाहर बैठने या टहलने जाने से डरने लगे हैं। मच्छरों के उपद्रव के कारण नागरिकों को शाम से ही अपने घरों की खिड़कियां और दरवाजे बंद करके मच्छरदानी हाथ में लेकर बैठना पड़ रहा है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के कारण वरिष्ठ नागरिकों ने शाम के समय पार्कों और खुले स्थानों पर घूमना बंद कर दिया है। इन मच्छरों के कारण नागरिकों में गंभीर बीमारियों के होने की संभावना भी बढ़ गई है। खुले नाले, नालियां, तालाब और उनमें जमी काई, झाड़ियां आदि के कारण मच्छरों की समस्या बढ़ रही है। नागरिकों का आरोप है कि शहर में नियमित छिड़काव न होने के कारण मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो रही है। हाल ही में जनता दरबार में भी नागरिकों ने मच्छरों की समस्या को लेकर सवाल उठाए थे।इसी के चलते अब मनपा ने मच्छरों के सबसे ज़्यादा प्रभावित होने वाले स्थानों की पहचान कर उन्हें खत्म करने का काम शुरू कर दिया है।

- **वसई विरार मनपा का विशेष अभियान शुरू**
- **हर महीने हो रहे 2.5 से 3.25 करोड़ रुपए खर्च**



# आवारा कुत्तों बिल्लियों को रेबीज का टीका

## संस्थाओं ने लगाया टीकाकरण का शिविर

**मीरा भायंदर।** इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर एनीमल प्रोटेक्शन (ओआईपीए )अम्मा केयर फाउंडेशन (एसीएफ )और प्लांटन एंड एनिमल वेलफेयर सोसायटी ने वेटरनरी प्रेक्टिशनर्स वेलफेयर एशोसिएशन (व्हीपीडब्ल्यूए ) की मदद से भायंदर परिसर में आवारा कुत्तों बिल्लियों को रेबीज का टिका लगाया। इन संस्थाओ ने बाकायदा शिविर का आयोजन कर टीकाकरण अभियान चलाया। मानद पशु कल्याण अधिकारी सुनीष सुब्रमण्यम और निशा कुंजू के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सक डॉक्टर मनीष पिंगले डॉक्टर राजेंद्रकुमार मर्गज़ की देखरेख में टीकाकरण किया गया। इस दौरान १२० आवारा कुत्तों बिल्लियों को रेबीज के इंजेक्शन दिए गए जिसमे १०७ कुत्ते और १३ बिल्लियों का समावेश है। इस शिविर के दौरान अभिनेत्री संध्या गेमावत ,समाजसेवी हितेश यादव ,चेतन दवे ,राहुल खारवा ,आकाश वर्मा ,जिग्ना पटवा ,सरिता मोदी ,आकाश सिंह सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# वाहन दुर्घटनाग्रस्त, तीन घायल

**ठाणे।** घोड़बंदर रोड से ठाणे की ओर जा रही एक इको कार का चालक नशे में होने के कारण सोमवार की सुबह 11:30 बजे नियंत्रण खो बैठा। विहंग होटल के सामने उसने दो-तीन वाहनों को टक्कर मार दी। इस घटना में रिक्शा में सवार तीन यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि घायलों में एक महिला भी शामिल है। तीनों घायलों को इलाज के लिए हाईलैंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से संपर्क करने पर भी इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

# हाईकोर्ट के आदेश पर गणेश मूर्तियों का विसर्जन

**मुंबई।** मुंबई हाईकोर्ट के 30 जनवरी के आदेशानुसार राज्य में प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है और इन पीओपी मूर्तियों के प्राकृतिक तालाबों में विसर्जन पर भी रोक लगाई गई है। इसी के अनुरूप नवी मुंबई मनपा ने आयुक्त डा. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में मनपा क्षेत्र में माघी गणेशोत्सव के दौरान मूर्तियों के विसर्जन के लिए विभिन्न स्थानों पर 26 कृत्रिम विसर्जन तालाबों की व्यवस्था की थी। इसी के अनुरूप नागरिकों से उच्च न्यायालय के आदेशानुसार पीओपी की मूर्तियों का विसर्जन कृत्रिम तालाबों में ही करने की अपील की गई थी और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए परिमंडल उपायुक्तों के नियंत्रण में सभी विभागीय अधिकारी तथा सहायक आयुक्तों की पूरी व्यवस्था सक्रिय रखी गई थी। इसी के तहत पूरे मनपा क्षेत्र में कुल 1275 श्री मूर्तियों का विसर्जन किया गया, जिसमें कृत्रिम विसर्जन तालाबों में 582 पीओपी गणेश मूर्तियों का विसर्जन किया गया। इसके अलावा 693 शाडू मिट्टी की मूर्तियों में से 34 मूर्तियों का विसर्जन कृत्रिम तालाबों में किया गया, जबकि 659 शाडू मिट्टी की मूर्तियों को मनपा क्षेत्र के 22 प्राकृतिक विसर्जन स्थलों पर विसर्जित किया गया। कृत्रिम विसर्जन तालाबों में बेलापुर विभाग में 120 पीओपी मूर्तियां, नेरुल विभाग में 41, वाशी विभाग में 114, तुर्भे विभाग में 118, कोपरखैरणे विभाग में 7, घणसोली विभाग में 97, ऐरोली विभाग में 78 और दिघा विभाग में 7, इस प्रकार कुल 8 विभागों में 26 कृत्रिम विसर्जन तालाबों पर 582 पीओपी मूर्तियों का विसर्जन किया गया।

- **26 कृत्रिम विसर्जन स्थलों पर 582 पीओपी गणेश मूर्तियां**
- **राज्य में प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों की बिक्री पर प्रतिबंध**


MAHATRANSCO Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**SRM-TENDER NOTICE**

**MSETCL invites online bids (E-Tender) from reputed & registered Electrical contractors on Mahatransco Website http://srmetender.mahatransco.in for the following Tender specification.**

| | |
|---|---|
| **Tender No.** EE/EHV(O&M)/DN/DMB/e-Tender-31/2024-2025 **RFx No. -7000035087** **Name of Tender:** SRM Tender for replacement of 3 Core Power cable by 1C x 630 sqmm Power Cable of 50 MVA 220/22kV TF3 at 220kV Anandnagar substation under EHV (O&M) Dn, Dombivali **Estimated Cost:** Limited upto Rs.21,44,039/- [Including taxes] **Tender Fee:** Rs.500/- + 5% Applicable Taxes (For all above tender) | **Online Downloading the RFx:** 04.02.2025. 10:00 Hrs to 18.02.2025, 23.59 Hrs **Online Submission of the RFx:** On or Before 18.02.2025, 23.59 Hrs. **Online Opening of the Techno Commercial response opening date:** 19.02.2025 at 10:00 hrs (If possible). **Price Bid Opening Date:** 20.02.2025 at 10:00 hrs (If possible). |

For further details visit our website :- http://srmetender.mahatransco.in
Contact Person :- The Dy. Executive Engineer, (O) Mob No. :- 9930183770.
**Note:** All eligible Supplier / Contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tenders (New) portal of MSETCL.
Sd/-
Executive Engineer, EHV O&M Dn Dombivali



**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए निम्नलिखित निविदा सं. के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, खुलने की नियत तारीख **24.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे।** इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, बयाना राशि** क्रमशः निम्नलिखित हैं: (1) एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-122, दिनांक 03.02.2025; 07 स्टेशनों में वर्तमान गुड्स शेड की अवसंरचना के उन्नयन/आधुनिकीकरण के संबंध में दूरसंचार कार्यों का प्रावधान; रु. 90,42,706.88; रु. 1,80,900; (2) एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-123, दिनांक 03.02.2025; वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/सिग/सिनी के अधीन अनुभाग में विविध सिग्नलिंग कार्य; रु. 63,31,332.25; रु. 1,26,600; (3) एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-124, दिनांक 03.02.2025; वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/सिग/डंगोवापोसी के अधीन अनुभाग में विविध सिग्नलिंग कार्य; रु. 83,76,685.37; रु. 1,67,500; **समापन अवधि:** प्रत्येक के लिए 12 (बारह) महीने। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर भी देखे जा सकते हैं। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्यक होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा प्रणाली में सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। **(PR-1096)**


# नवी मुंबई मनपा अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षक सम्मानित



दिसंबर और जनवरी में हुए सेवानिवृत्त

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा की अब तक की प्रतिष्ठा में यहां के अधिकारियों और कर्मचारियों के योगदान का महत्वपूर्ण स्थान रहा है और वर्तमान में प्रथम पंक्ति के अनुभवी अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जो एक प्रकार से संस्था के लिए क्षति है, यह भावना व्यक्त करते हुए प्रशासन विभाग के उपायुक्त शरद पवार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके भविष्य की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। नवी मुंबई मनपा की सेवा से दिसंबर 2024 में सेवानिवृत्त हुए 10 अधिकारी-कर्मचारी और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्वीकार करने वाले 1 अधिकारी सहित कुल 11 अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक तथा जनवरी 2025 में सेवानिवृत्त हुए 6 अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षकों को सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर पवार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी ने अपने पद के अनुरूप सेवा को उत्कृष्ट रूप से निभाया, जिससे वे संतोषपूर्वक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी कार्यालयों में कार्य करने के अनुभव के बाद, नवी मुंबई मनपा के अधिकारी और कर्मचारी अधिक समर्पण के साथ कार्य करते हैं, यह उनका व्यक्तिगत अनुभव है। इस अवसर पर मनपा सचिव चित्रा बाविस्कर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रत्नप्रभा चव्हाण तथा अन्य कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत्त सहकर्मियों के प्रति अपनी आत्मीय भावना प्रकट की। सम्मानित कर्मियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। दिसंबर में सेवा निवृत्त हुए कार्यकारी अभियंता सुभाष सोनवणे, समाज विकास अधिकारी सर्जेराव परांडे, मुख्याध्यापिका रंजना वंशा, प्राथमिक शिक्षिका रोहिणी आवटे, वरिष्ठ लिपिक विश्वास कोलेकर, स्वास्थ्य सहायक पूजा वारके, वाहन चालक विठ्ठल जाधव, शिपाई बालासाहेब कांबले, सहायक गणेश नाईक, सफाई कर्मचारी बालाजी सूर्यवंशी तथा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्वीकार करने वाली शिपाई जया पाटील का इस अवसर पर सम्मान किया गया। इसी तरह जनवरी में सेवानिवृत्त होने वाले प्रशासनिक अधिकारी विलास मलुष्टे, मुख्याध्यापिका सुनंदा डोके, मुख्याध्यापक संजय मोरे, सूचना अभिलेखक भारती देशमुख, वाहन चालक भरत बहाडकर, क्लीनर/सफाई कर्मचारी सुनील गायकवाड़ को भी सम्मानित किया गया।


MAHATRANSCO Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**SRM-TENDER NOTICE**

**MSETCL invites online bids (E-Tender) from reputed & registered Electrical contractors on Mahatransco Website http://srmetender.mahatransco.in for the following Tender specification.**

| | |
|---|---|
| **Tender No.** EE/EHV(O&M)/DN/DMB/e-Tender-38/2024-2025 **RFx No. -7000035091** **Name of Tender:** SRM Tender for providing and installation of additional Earth pits for Transformers at 220kV PAL substation under EHV O&M Dn Dombivali **Estimated Cost:** Rs. 11,81,430/- [Inclusive of all Taxes] **Tender Fee:** Rs.500/- + 5% Applicable Taxes (For all above tender) | **Online Downloading the RFx:** 04.02.2025, 10:00 Hrs to 18.02.2025, 23.59 Hrs **Online Submission of the RFx:** On or Before 18.02.2025, 23.59 Hrs **Online Opening of the Techno Commercial response opening date:** 19.02.2025 at 10:00 hrs (If possible). **Price Bid Opening Date:** 20.02.2025 at 10:00 hrs (If possible). |

For further details visit our website :- http://srmetender.mahatransco.in
Contact Person :- The Dy. Executive Engineer, (O) Mob No. :- 9930183770.
**Note:** All eligible Supplier / Contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tenders (New) portal of MSETCL.
Sd/-
Executive Engineer, EHV O&M Dn Dombivali



**पनवेल महानगरपालिका**

शहर अभियंता विभाग
ई- निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र.: पमपा/बांधकाम/6524/प्र.क्र.165/491/2025 दिनांक: 03/02/2025

आयुक्त, पनवेल महानगरपालिका खालीत नमूद कामाकरीता सार्वजनिक बांधकाम विभाग, केंद्रीय सार्वजनिक बांधकाम विभाग, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण, सिडको इत्यादी शासकीय / निम शासकीय (Central Government/State Government/Government under taking) विभागात खालील कामासाठी नोंदणीकृत पात्र अनुभवी ठेकेदारांकडून बी-1 शतमान पध्दतीनुसार फेर निविदा मागवित आहेत.

| अ.क्र. | निविदा क्र. | कामाचे नाव | निविदा रक्कम रु. (Without GST) |
|---|---|---|---|
| 1 | PMC/CE/280/2024-25 | पनवेल महानगरपालिका हद्दीतील प्रभाग समिती - अ, प्रभाग क्र.1 तळोजे येथील शांती कुटी मठ ते विशाल पाटील (भोईरपाडा) यांच्या घरापर्यंत पावसाळी नाल्याचे बांधकाम करणे. | 1,35,59,953/- |

या कामाच्या ई-निविदे बा बतची माहिती शासनाच्या http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळवर दि. 05/02/2025 रोजी प्रसिद्ध करण्यात येईल. संबंधित निविदाधारकांनी याची नोंद घ्यावी.

सही/-
अतिरिक्त आयुक्त
पनवेल महानगरपालिका


### उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल

# ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें होंगी प्रभावित

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से संबंधित विभिन्न कार्यों के कारण 25 फरवरी से एक मई तक 66 दिनों का ब्लॉक लिया जाएगा। इस ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें आंशिक रूप से निरस्त रहेंगी, जबकि कुछ ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन/विस्तार किया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है।

**आंशिक रूप से निरस्तहोने वाली ट्रेनें**

**1.** 17 मार्च से 28 अप्रेल तक चलने वाली ट्रेन संख्या 22933 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस सांगानेर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा सांगानेर और जयपुर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। **2.**18 मार्च से 29 अप्रेल तक चलने वाली ट्रेन संख्या 22934 जयपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस सांगानेर से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा जयपुर और सांगानेर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

**ट्रेनों का विस्तार**

**1.** 17 मार्च से 28 अप्रेल तक चलने वाली ट्रेन संख्या 20951 ओखा-जयपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को खातीपुरा स्टेशन तक विस्तारित किया गया है। **2.** ट्रेन संख्या 20952 जयपुर-ओखा साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस 18 मार्च से 29 अप्रेलतक खातीपुरा स्टेशन से ओरिजिनेट होगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें**

**1.**16 मार्च से 30 अप्रेल, 2025 तक चलने वाली ट्रेन संख्या 14702 बांद्रा टर्मिनस श्री गंगानगर अरावली एक्सप्रेस को फुलेरा और रींगस के रास्ते चलाया जाएगा। इसलिए यह ट्रेन रेनवाल स्टेशन पर रुकेगी। **2.**16 मार्च से 30 अप्रेल तक चलने वाली ट्रेन संख्या 14701 श्री गंगानगर-बांद्रा टर्मिनस अरावली एक्सप्रेस को रींगस और फुलेरा के रास्ते चलाया जाएगा। इसलिए यह ट्रेन रेनवाल स्टेशन पर रुकेगी।

# पीएम श्री जुंजाणी में सूर्य सप्तमी पर छात्रों का सूर्य नमस्कार



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुंजाणी में सोमवार को सूर्य सप्तमी पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार छात्रों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। प्राचार्य शांतिलाल जीनगर ने बताया की पीएम श्री विद्यालय में सोमवार को सूर्य सप्तमी के अवसर पर शिक्षक, अभिभावकों सहित करीब 500 विद्यार्थियों ने शारीरिक शिक्षक रवींद्र कुमार के निर्देशन में सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। छात्रों ने योग के अलग-अलग 12 आसन्न किये। प्राचार्य जीनगर ने योग का महत्व बताते कहा कि योग करने से तन व मन स्वस्थ रहते है। हम अपने जीवन में योग करके विभिन्न बीमारियों से बच सकते हैं। योग करने से मानसिक एवं शारीरिक तनाव दूर होते हैं। इस दौरान विद्यालय स्टाफ सहित छात्र छात्राएं मौजूद रही।

## सेवड़ी उच्च माध्यमिक विद्यालय में सूर्य नमस्कार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** सेवड़ी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागण मे सोमवार को सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों मे सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया।छात्र, शिक्षकों, अभिभावकों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया। संस्था प्रधान सोहनी कुमारी ने बताया कि सूर्य नमस्कार व योग जीवन मे स्वस्थ रहने के तरीके सिखाता है, योग मन व आत्मा को ईश्वर से जोड़ता है, मन को खुश रखने मे काम आता है! योग शिक्षक भंवरलाल गौड ने सामूहिक सूर्य नमस्कार करवाकर छात्रों को 12 प्रकार के आसनो के नाम बताकर सूर्य नमस्कार की विस्तृत महिमा की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर व्याख्याता श्रवण कुमार, रामलाल विश्नोई, प्रकाश कुमार, पांचाराम, मोहनलाल, वचनाराम, टिकमाराम, रामेश्वरी विश्नोई सहित छात्र छात्राओं मौजूद थे।

## सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया

**रानीवाड़ा।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रानीवाड़ा में प्रातः 9:00 बजे मोहनलाल गोयल प्रधानाचार्य भागीरथ बिश्नोई प्रधानाचार्य उप प्रधानाचार्य वगताराम प्रजापत वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक सुरज पाल सिंह देवड़ा के नेतृत्व में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया कोच सूरजपाल सिंह देवड़ा छात्रा विमला बिश्नोई ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सूर्य नमस्कार की गतिविधियों का आयोजन सैकड़ो विद्यार्थी अध्यापक व अभिभावकों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## महाकुंभ से लौटे श्रद्धालुओं का ग्रामीणों ने किया स्वागत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** गांव वासन देवड़ा में महाकुंभ से लौटे तीर्थ यात्री का ग्रामीणों ने मिलकर भव्य स्वागत किया गांव के श्रद्धालु दस दिन से महाकुंभ ,अयोध्या ,मथुरा,काशी,से दर्शन करके सोमवार को वापिस गांव आने पर पर मामाजी मंदिर में ग्रामीणों ने मिलकर सभी का सामेला करके गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया ग्रामीणों का भगवान के प्रति श्रद्धा का अनूठा उदाहरण मिला महिलाओं ने लोक गीतों के साथ नृत्य करके भव्य स्वागत किया मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# पूर्व मुख्यमंत्री को शिकायत करनी पड़ी भारी

## सरकारी सुविधाओं से महरुम रखने का आरोप

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बागोड़ा।** उपखंड क्षेत्र के डुंगरवा गांव की एक महिला द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को शिकायत करना भारी पड़ रहा है पीड़ित महिला ने मनरेगा रोजगार एंव पीएम आवास योजना में घर बनाने की गुहार लगाई थी यह गुहार ग्राम पंचायत सरपंच, विकास अधिकारी, मनरेगा मेटों को नागवार गुजरी और अब सरकारी सुविधाएं मुहैया कराने के बदले रिश्वत की डिमांड करने का आरोप लगाया है।पीड़ित महिला ने एसडीएम हीर सिंह चारण को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही कर राहत दिलाने की मांग की है। डुंगरवा निवासी पीड़ित महिला सोरम देवी पत्नी हबता राम मेघवाल ने उपखंड अधिकारी हीर सिंह चारण को पेश किए ज्ञापन में आरोप लगाया है कि गत माह पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का सांचोर दौरा के समय ग्राम पंचायत सरपंच रमेश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी सुमित्रा, मनरेगा



मेट तोलाराम, हटाराम व अध्यापक नागजीराम द्वारा सरकारी सरकारी योजनाओं में महरुम रखने का आरोप लगाते ज्ञापन सौंपा था और यह बात इनको नागवार लगी। ज्ञापन में आरोप है कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के बदले मुझ गरीब से रिश्वत मांगी जा रही है जबकि मेरा परिवार भूमिहीन है। केन्द्र सरकार द्वारा आवासहीन गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना लागू कर रखी है लेकिन ग्राम पंचायत में जाने पर यह लोग कहते है कि अब जाकर शिकायत दर्ज करो। पीड़ित महिला ने बताया कि वो गत 10-15 वर्ष से अपने ससुराल में अलग निवासरत है और पीएम आवास योजना में पात्र हैं उसके बाद भी यह लोग मुझे मनरेगा योजना में भी आवेदन देने के उपरांत रोजगार से वंचित रखने पर तुले हुए हैं। ज्ञापन में बताया है कि इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को ज्ञापन सौंपकर इन भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी जिसमें मनरेगा कार्य में फर्जीवाड़ा होने की उच्चाधिकारियों को शिकायत दी थी उस वजह से भी मुझे मिलने वाली सुविधाओं से महरुम रखा जा रहा है। इधर इसी परिवार के जगाराम पुत्र उदाराम ने भी आरोप लगाया है कि शिकायत करने से पहले उसकी पत्नी सुन्दर देवी मनरेगा में लगी हुई थी मगर अब उसे भी वहा से हटा दिया है ऐसे में महज छह दिन ही काम कर पाई है अब मजदूरी नहीं मिलने से रोजी-रोटी मिलना मुश्किल है। इस संवाददाता ने जब ग्राम पंचायत सरपंच रमेश कुमार से इस आरोपो के बारे में जानकारी लेने में मोबाइल पर सम्पर्क करने का प्रयास किया मगर उन्होंने फोन तक रिसीव नहीं किया।

# खारा कुआं में 119वें यज्ञ का आयोजन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** सनातन संस्कृति जागरण संघ द्वारा घर घर यज्ञ अभियान के माध्यम से समरस, समरूप, एकरूप व व्यसन मुक्त संगठित हिंदू समाज की स्थापना के लिए खारा कुआं क्षेत्र में 119 वें यज्ञ का आयोजन किया। सनातन संस्कृति जागरण संघ के सदस्य वालाराम मौर्य ने बताया कि यज्ञ में जीवाराम चौधरी मुख्य यजमान बने। और उनके अलावा कुंड पर अन्य परिवारजनों एवम बस्ती के बंधुजनों ने बैठ यज्ञ में भाग लिया। यज्ञ की समाप्ति होने पर यज्ञ वेदी को साक्षी मानकर कई लोगों ने मांसाहार, शराब, बीड़ी, गुटखा आदि व्यसन छोड़ने का संकल्प लिया। यज्ञ के बाद सभी आगंतुक बंधुओं ने एक साथ चाय पानी व जलपान किया। यज्ञ के उपरांत चर्चा का मुख्य विषय धर्म प्रचार एवं शस्त्र व शास्त्रों की शिक्षा देने हेतु प्राचीन परम्परा के गुरुकुलों के निर्माण हेतु भीनमाल के बड़े मंदिर ट्रस्टों की भूमिका निर्धारित एवं निश्चित करने तथा इस कार्य हेतु ट्रस्टों से आगे आने का आह्वान इंद्रसिंह राव एवं दीपाराम माली ने किया जिसका सभी ने एकमत से समर्थन किया। इस अवसर पर बाबूलाल जीनगर, ठेकेदार ओटाराम मेघवाल, वालाराम मौर्य, संपतलाल सोनी, आंबाराम चौधरी, दीपाराम माली, प्रेम कुमार सेन, कुलदीप सिंह राव, रमेश पांचाल, अमृतलाल सिंघल, राजेश सोनी, अर्जुन बंजारा, प्रवीण सोनी, दिलीप चौहान, दुदाराम मेघवाल, रमेश राणा, भानुप्रताप सिंह मौजूद थे। यज्ञ का सम्पादन राव विक्रम सिंह आर्य ने वैदिक रीति से करवाया।

# रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नाम प्रस्तुत

## चितलवाना उपखंड के पंचायत समिति सदस्य वार्ड संख्या 4 के लिए उपचुनाव कार्यक्रम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** पंचायती राज संस्थाओं के पंचायत समिति सदस्य वार्ड नंबर 4 के उपचुनाव हेतु अंतिम तिथि को आज कुल 3 अभ्यर्थियों ने रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी चितलवाना के समक्ष नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए। रिटर्निंग अधिकारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि चितलवाना उपखंड के पंचायत समिति सदस्य वार्ड संख्या 4 के लिए उपचुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी जालोर द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 3 फरवरी 2025 सोमवार अपराह्न 3:00 बजे तक थी तथा इस समय तक दो राजनीतिक दलों भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जोईताराम कोली केसूरी एवं भारतीय जनता पार्टी से रघुवीर सिंह जानवी तथा जोधाराम चौधरी निर्दलीय प्रत्याशी ने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए हैं। 5 फरवरी 2025 को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी तथा 6 फरवरी 2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक नाम वापसी का समय निर्धारित रहेगा। नाम वापसी का समय समाप्त होने के पश्चात चुनाव प्रतीकों का आवंटन तथा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा।



14 फरवरी 2025 को प्रातः 8:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक मतदान होगा तथा 15 फरवरी 2025 को प्रातः 9:00 से पंचायत समिति मुख्यालय पर मतगणना होगी। चितलवाना ब्लॉक के केरिया ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 13 तथा चितलवाना ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 8 के लिए वार्ड पंच चुनाव की अधिसूचना भी जिला निर्वाचन अधिकारी जालोर द्वारा की गई। वार्ड पंच चुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि 5 फरवरी 2025 बुधवार सायं 5:00 बजे तक रहेगी तथा 6 फरवरी 2025 को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसी दिन अपराह्न 3:00 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद चुनाव चिन्हों का आवंटन तथा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 14 फरवरी 2025 को मतदान प्रातः 8:00 बजे से शुरू होगा तथा सायं 5.00 बजे तक चलेगा। ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मतदान समाप्ति के बाद मतगणना संपन्न होगी। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी चमन लाल चुनाव शाखा प्रभारी घेवर चंद, अमीन खान नायब तहसीलदार, सुरेश पंवार सहायक लेखाधिकारी, दीपसिंह टीआरए, हंसाराम चौधरी रीडर , ग़मना राम देवासी, प्रकाश राणा सांख्यिकी निरीक्षक तथा मनोज विश्नोई वरिष्ठ सहायक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ : ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यशाला संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** महिला अधिकारिता विभाग के तत्वाधान में सोमवार को पंचायत समिति हॉल सांचौर में जिला कलेक्टर प्रदीप गवाड़े के निर्देशानुसार महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार एवं आत्मरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन पंचायत समिति सांचौर सभागार में तहसीलदार देशलाराम परिहार की अध्यक्षता में किया गया। साथिनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं किशोरी बालिकाओं को मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी। महिलाओं व बालिकाओं को भी जागरूक करने व महिला अधिकारिता विभाग की सरकारी योजनाओं व कौशल प्रशिक्षण को प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने हेतु महिला अधिकारिता विभाग की पर्यवेक्षक गायत्री बिश्नोई ने प्रेरित किया। इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पूनमचंद बिश्नोई ने आईसीडीएस योजना व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में तथा एसीबीओ श्री पोपटलाल द्वारा ज्यादा से ज्यादा समुह बना कर महिलाओं को राजविका से लाभ के लिए विभिन्न योजना के बारे में जानकारी दी गई इसी दौरान सीमा राठौड़ अध्यापिका ने महिला सशक्तिकरण बारे में विस्तार से बताया।




## विश्व कैंसर दिवस पर जैन समाज द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** भारतीय जैन संगठन (बीजेएस) चैप्टर सांचौर एवं बीजेएस लेडीज विंग सांचौर द्वारा विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में "स्वास्थ्य जागरूकता संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 4 फरवरी 2025, मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे जैन आराधना भवन, गोडीजी मंदिर के सामने, शांतिनगर, सांचौर में आयोजित होगा। बीजेएस चैप्टर अध्यक्ष दिनेश बोहरा एवं महासचिव श्रीपाल लूणिया ने बताया कि यह कार्यक्रम कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. मसराराम चौधरी कैंसर के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी देंगे। इसके अलावा, जीवन बीमा एवं मेडिक्लेम से जुड़ी जानकारी भी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मूलचंद छाजेड़, संजय मालू, और अन्य सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# बसंत पंचमी पर आरएसएस ने किया पथ संचलन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** बिशनगढ़ में बसन्त पंचमी के पर्व पर रविवार की शाम को राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के द्वारा पंथ संचलन का आयोजन किया गया। पंथ संचलन बिशनगढ़ के स्कूल मैदान से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए निकला। संचलन से पहले सभी स्वंयसेवक संघ की गणवेश धारण कर नगर की मुख्य सड़क स्थित स्कूल मैदान में एकत्रित हुए। जहां प्रार्थना व भगवा ध्वज को प्रणाम के बाद कदम से कदम मिलाकर घोष की धुन पर चलते हुए पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, जैन मन्दिर से मेन चौराहे पर घूमकर पोस्ट ऑफिस के आगे से आखरिया व नगर के मुख्य मार्गों से नेशनल हाईवे के पास होकर मुख्य सड़क स्थित रामदेवजी के मन्दिर से होते हुये पुनः स्कूल मैदान पहुंचा। इस दौरान पथ संचलन का नगर में जगह-जगह व्यापारियों, समाजसेवियों, माता बहिनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया एवं नगर वासियों द्वारा रास्ते में जगह–जगह रंगोलियां भी बनाई गई। स्कूल मैदान में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के विभाग सहकार्यवाह जगदीश सोनी ने स्वयं सेवकों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बसन्त पंचमी व हलाहल चतुर्थी भी है इस पावन संयोग के दिन बिशनगढ़ में पथ संचलन का आयोजन करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने आज के समय में हिन्दू समाज को जागृत व संगठित होने की जरूरत की जरूरत है। साथ ही बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने स्थापना के 100वें साल में प्रवेश में प्रवेश किया है, यह एक ऐतिहासिक पल है। 2025 में संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है।



## जेतू नगर में मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भीनमाल के पास जेतू नगर में एक नए मंदिर का निर्माण किया गया। इस मंदिर में श्री दूदेश्वर महादेव और श्री लक्ष्मीनारायण भगवान की मूर्ति स्थापना के लिए पांच दिवसीय भव्य महोत्सव का आगाज सोमवार से शोभायात्रा के साथ हुआ। महोत्सव 3 फरवरी सोमवार से प्रारंभ हुआ और 7 फरवरी 2025 तक चलेगा। पहले दिन जल यात्रा और वरघोड़ा निकाला गया। जिसमें आसपास के गांवों से ग्रामीणों ने भाग लिया। शोभायात्रा में विभिन्न चढ़ावों के लाभार्थियों और उनके परिवार ने भाग लिया। इस दौरान मधुर भजनों के साथ लोग नृत्य करते हुए चल रहे थे। साथ ही मंदिर स्नपन और रात्रि भजन संध्या का आयोजन होगा। दूसरे दिन पंचम् संस्कार, गृह होम और विभिन्न हवन कार्यक्रम होंगे। तीसरे दिन गणपति पूजन, मंडप पूजन और कुटीर हवन जैसे धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे।



## भारतीय किसान यूनियन ने दिया ज्ञापन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** उप खंड क्षेत्र भादरूणा में भारतीय किसान यूनियन ने अधिकक्षण अभियन्ता जालोर के नाम भादरूणा विधुत विभाग को सौंप ज्ञापन। विधुत विभाग के आगे किसान यूनियन ने मिटींग का आयोजन मोहनसिंह राजपूत की अध्यक्षता में कि गई किसानों भिन्न भिन्न समस्या को सुनकर विभाग को दिया ज्ञापन। जिला अध्यक्ष पूनमाराम गोदारा से सम्बोधित करते हुए किसानों को दिन में सात सात घंटे बिजली उपलब्ध करवाने,33केजी लाईन जी एस एस आकोली खिरोड़ी करावड़ी अरणाय लियादरा विष्णुगढ़ पर रात की वजह दिन को लाईट उपलब्ध करवाने भादरूणा जी एस पर 40एसपी एक्टा ट्रांसफार्मर लगाने कारोला जी एस पर 220स्टेशन पर एक और अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, घरेलू कनेक्शन बार बार कटोती की पर प्रतिबंध लगकर 24घंटे उपलब्ध करवाने मांग को लेकर दिया ज्ञापन।समय पर मांगे नहीं मानी तो आगे बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी।इस मौके भारतीय किसान यूनियन प्रदेश उपाध्यक्ष जगमालाराम सुथार, पुराराम राजपुरोहित खिरोड़ी, बलवंत एच सुथार चौरा,हीराराम देवासी, भगवानाराम विडार, मोहनलाल मेघवाल, अरविंद चौधरी, ईश्वर लाल बरड़वा,बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# सरस्वती माता की आराधना से सद्बुद्धि और सद्गति मिलती : आसूराम विश्नोई

## बसंत पंचमी पर पहाड़पुरा में विराट सरस्वती महापूजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** बसंत पंचमी के पर्व पर विद्यालय में महामंगलकारी सरस्वती महापूजन का विराट आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं, बच्चों, छात्र-छात्राओं और युवाओं ने विशाल सरस्वती माँ की प्रतिमा का महामस्ताभिषेक और अष्टप्रकारी पूजन कर सम्यक ज्ञान और सद्बुद्धि प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर मंडल द्वारा समारोह के संयोजक प्राचार्य एवं सभी अध्यापको ने समस्त मेहमानों ,अतिथियों,भामाशाहो का साफे, माला से अभिनंदन किया गया, गुरुजनों ने उन्हें सुंदर प्रतिमा देखकर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर स्कूल की बालिकाओं द्वारा सरवस्ती वंदना पर सुंदर भाव नृत्य की प्रस्तुति देख कर सभी भाई बहन आनंद विभोर हो गए। विधालय में आयोजित इस महापूजन में सर्वप्रथम गिरधरीलाल शर्मा ने दिव्य



मंत्रोच्चार कर सरस्वती माँ का आह्वान किया। कार्यक्रम में बच्चे से लेकर बड़ों तक सभी भाई-बहिनों ने दूध, जल, धूप, चंदन, अक्षत, पुष्प और नैवेद्य द्वारा माँ का पूजन किया। इस अवसर पर गिरधरीलाल शर्मा के साथ स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य श्री आसूराम ने सरस्वती माता की मंत्र साधना करवाते हुए कहा कि आज सरस्वती माता और लक्ष्मी माता का प्रकट दिवस है। जो सच्चे मन से सरस्वती माता की आराधना और साधना करता है उसकी बुद्धि हमेशा सद्बुद्धि रहती है, उसके जीवन में खूब तरक्की आती है, वह लोगों का भला करता है और अंत में सद्गति का मालिक बनता है। उन्होंने कहा कि हमें प्रतिदिन 27 बार ओम एं सरस्वत्यै नमः मंत्र का जाप अवश्य करना चाहिए और 20 मिनट अच्छी किताबें का स्वाध्याय करना चाहिए और दूसरों तक सम्यक ज्ञान का प्रचार प्रसार करना चाहिए। जो व्यक्ति ज्ञान और धन का दान करता है उसके जीवन में सरस्वती और लक्ष्मी जी के भंडार सदा भरे हुए रहते हैं। इस अवसर पर गिरधरीलाल शर्मा द्वारा सभी श्रद्धालुओं को पूजन के मंत्रों का उच्चारण करवाया। कार्यक्रम के पश्चात 27 दीपकों से महाआरती और महाप्रसादी स्थानीय ग्राम वासी ईशरा राम जी बोका पहाड़पुरा की तरफ़ से वितरण की गई। कार्यक्रम के महापूजन में प्राचार्य, सहित अध्यापक, ग्राम वासी, सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# हाड़ेतर : संघर्ष समिति को ग्रामीणों का समर्थन

## सांचौर को फिर से जिला बाहली की मांग

- धरना-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, आज सुथाना के ग्रामीण देगें धरना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिले को खत्म को करने के विरोध में संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा धरना 37 वें दिन भी जारी रहा, इस दौरान हाड़ेतर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने संघर्ष समित को समर्थन देकर विरोध प्रदर्शन कर रैली निकाली व सीएम के नाम उपखंड अधिकारी के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा । इस दौरान धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि सरकार जनहित की भावनाओ को देखते हुए सांचौर जिला बाहल करे, सांचौर जिला दूरी की दृष्टी सहित अन्य मापदंडो पर खरा उतरता है, जिसकी बदौलत जिला बनाया गया है, ऐसे में सरकार को लोगो को सुविधा देने व चुनी हुई सरकार को आमजन को सुविधा



देनी चाहिये, सरकार द्वारा जिला हटाने का निर्णय गलत है, जिसका विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार सांचौर को जिला बाहल नहीं कर देती, इस दौरान ग्रामीणो ने रैली का आयोजन कर सरकार के निर्णय के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जिला बाहल करने की मांग की, इस दौरान पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई,भीमाराम चौधरी, पुनमाराम , अमलूराम सारण, पीराराम देवासी, नरेन्द्र मेघवाल, अनिल कुराड़ा, भंवरलाल गोदारा, सुजानाराम , रिडमलराम ढाका सहित कई जने मौजूद रहे । ज्ञापन में जिला बनाने की मांग रखी - ज्ञापन में ग्रामीणो ने बताया कि सांचौर जिला जो जालोर जिले से 145 कि.मी. दूर व अंतिम गांव आकोड़िंया रणखार करीब 250 किमी दूर हैं। जबकि वर्तमान सरकार द्वारा कौनसे आधार पर जिलों को निरस्त किया गया कोई स्पष्ट नहीं हैं। सांचौर जिला बनने से जिला मुख्यालय नजदीक होने पर आमजन के लोगों के सभी जिले स्तर के कार्य जल्द होने लगे व आर्थिक बोझ भी ज्यादा नहीं रहा। ज्ञापन में बताया कि सरकार सांचोर की जनता के साथ भेदभाव रवैया अपना रही है, सांचोर जिला सही मापदण्ड थे तब सांचोर को जिला बनाया था उन मापदंडो के आधार पर सभी नए जिले और संभाग बनाए थे, जिसको वर्तमान सरकार ने किस आधार पर निरस्त किया यह सांचोर की जनता के साथ अन्यान किया है, किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी बनती हैं कि जनहित में लिए गए निर्णय किसी भी सरकार ने लिए हो प्रत्येक आने वाली सरकारे उन कार्यो को आगे बढाती हैं परन्तु वर्तमान सरकार ने पिछले डेढ साल से व्यवस्थित तरीके से चल रहे सांचोर जिले को निरस्त कर बहुत बड़ी भूल की हैं। ऐसे में जब तक जिला पुनः घोषित नहीं होता हैं तब तक धरणा जारी रखने की चेतावनी दी।

# प्रमुख सड़क का निर्माण पुन : करवाने की मांग

## नट बस्ती रानीवाडा से सेवाडिया जाती यह सड़क

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** नट बस्ती रानीवाडा से सेवाडिया जाने वाली प्रमुख सड़क का निर्माण पुनः करने एवं आस पास पड़ी गंदगी की सफाई करवाने को लेकर लोगो ने विरोध किया है। नट बस्ती रानीवाडा सांचोर फाटक से श्री आपेश्वरजी महादेव मंदिर जाने वाले प्रमुख सडक पर रानीवाडा नगर पालिका क्षेत्र में स्थित हैं। जिसमें एक प्रमुख सड़क नगर पालिका कार्यालय, उपखण्ड कार्यालय तहसील कार्यालय सहित तमाम सरकारी दफ्तर तक आते हैं. तथा दूसरी सी.सी. सडक जो नट बस्ती एवं रेल्वे ट्रेक रानीवाडा के सहारे सहारे नट बस्ती में बनी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नट बस्ती रानीवाड़ा से होते हुए सेवाडिया ग्राम एवं श्री आपेश्वरजी महोदय जी मंदिर तक ग्रामीण सड़क हैं जिस पर ज्यादातर घर आबादी क्षेत्र में नट समाज एवं प्रजापत समाज, लुहार समाज के घर आये हुए हैं। सी.सी. सड़क का निर्माण हुए लगभग 15 वर्ष पूर्व निर्मित ग्राम पंचायत रानीवाड़ा कल्ला द्वारा किया गया हैं। अब अतिवृष्टि विप्रजॉय तुफान आने पर उक्त सी.सी. सडक जगह- जगह से टुट गई हैं और बडे बडे खड्डे बन गये हैं जो बिना नाली निर्माण के गंदगी एवं गंदे पानी से भर जाते हैं जिससे मौसमी बीमारी डेंगू, मलेरिया, खांसी, जुकाम जैसे वायरल बुखार फैलने वाले मच्छर, कीड़े मकोडे पैदा हो रहे हैं। उक्त क्षेत्र में रेल्वे ट्रेक एवं सड़क के किनारे किनारे आवागमन करने वाले सभी नागरिकों द्वारा कचरा डाल डाल कर गंदगी रेल्वे लाईन को गंभीर खतरा उत्पन्न हो चूका है। सांचोर फाटक नट बस्ती से सेवाडिया जाने वाली सी.सी. सडक पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सीसी सड़क के दोनो तरफ रात के समय 9 से 10 बजे एवं सुबह 6 से 7 बजे तक गंदगी एवं कचरा डाल कर जाते हैं, जिससे उक्त सीसी सडक पर सुबह स्कूली बच्चों एवं लोगों के आवागमन में भारी समस्या उत्पन्न होती हैं तथा स्कुल जाने वाले बच्चे गंदगी से फैली बदबु के कारण उक्त सीसी सडक पर चल नही पाते हैं, जिन्हे रोका जाना अति आवश्यक हैं, तथा उक्त टूटी सड़क को पुनः नये सिरे से निर्माण एवं सफाई कर्मियों की नियुक्ति लगा कर सफाई कर्मचारीयों से ट्रेक्टर ट्रॉली से कचरा गंदगी भरी जाकर क्षेत्र की आवासीय कॉलोनी की सफाई किया जाना अति आवश्यक है. इसके अभाव में नट कॉलोनी एवं मुख्य बाजार में भयंकर गंदगी एवं बीमारी फैल रही हैं। जिससे आम जनता वंचित श्रेणी के नागरिको को भंयकर जन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



# सांचौर : भजन कलाकार के खिलाफ टिप्पणी का विरोध

## सांचौर में गायक कलाकारों ने दिया ज्ञापन, पुलिस से कार्रवाई की मांग



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** सांचौर के भजन कलाकार मंडल ने भजन गायक प्रकाश माली के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणियों और आपत्तिजनक फोटो के विरोध में सोमवार को एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। कलाकारों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने जानबूझकर प्रकाश माली की छवि को धूमिल करने के लिए उनके पोस्टरों पर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल किए हैं। सांचौर-चितलवाना कलाकार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष पंडित इस मामले में प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। कलाकारों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे धरना प्रदर्शन और आमरण अनशन करने को मजबूर होंगे। इस विरोध प्रदर्शन में सांवलगिरी गोस्वामी, छगन देवासी, महेंद्र पटेल भादरुणा समेत कई प्रमुख कलाकार और माली युवा संगठन के अध्यक्ष भूपाराम फालना सहित बड़ी संख्या में कलाकार शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर इस घटना की निंदा की और न्याय की मांग की।

# बसंत पंचमी महोत्सव मनाया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** कस्बे में श्री नामदेव सेवा समिति रेवदर के तत्वाधान में बसंत पंचमी महोत्सव संत श्री नामदेव के ज्ञानोदय दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व संत श्री नामदेव के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व कलाकारों द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि वनाराम सोलंकी गोल व विशिष्ट अतिथि जीवाराम सोलंकी भीनमाल रहे। कार्यक्रम में नामदेव छीपा समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रेरित किया गया तथा समाज के भामाशाहों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नामदेव सेवा समिति के अध्यक्ष पुखराज चौहान ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने के साथ आधुनिकता को परम्परा व संस्कृति से जोड़ने का आह्वान किया। कोषाध्यक्ष गेनमल मकवाना ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए समाज के भामाशाहों को समाज के उत्थान हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि वनाराम सोलंकी ने समाज के विकास हेतु शिक्षा के महत्व को बताते हुए बेटियों की शिक्षा पर बल दिया। कस्बे के मुख्य मार्गों से संत श्री नामदेव की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर शान्तिलाल, भीमाराम, जोगाराम, मफतलाल, मोडाराम, चंपालाल, हीरालाल, टेकचंद, राजूमल, सुरेश कुमार, पोपटलाल, डूंगरमल, केसाराम, शिवलाल, घनश्याम, गोकुलराम, उत्तम कुमार, नारायणलाल, विनोद कुमार, मोहनलाल, रमेश कुमार, देवीलाल, उदाराम सनदरा, देवाराम मकवाना, बालूराम, मांगीलाल, वगताराम, लक्ष्मणराम, सुमेरमल, इन्द्रमल तथा सैकड़ों की संख्या में नामदेव छीपा समाज के लोग उपस्थित थे।

## बसंत पंचमी पर विद्यालय में कार्यक्रम संपन्न



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर भटाणा में सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों में से एक विद्यारंभ संस्कार सोमवार को बसंत पंचमी पर विद्यालय परिसर में कार्यक्रम संपन्न किया गया। सर्व प्रथम पंडित कस्तूराम पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चारण व विधि विधान से जोड़े बिठाकर हवन किया गया। साथ में भैया बहिनों का पाटी पूजन कर 30 नौनिहालों का प्रवेश किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के दिन तीन वर्ष से ऊपर के बालकों का विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम विद्यालय में मनाया जाता है। हवन में यजमान के रूप में तेजाराम, ओमप्रकाश, दरजाराम, दिनेश कुमार प्रजापत, हार्दिक पुरोहित, अजाराम, प्रकाश कुमार, नरेंद्र कुमार व भैया बहिन उपस्थित रहे।

# सूर्य सप्तमी पर करवाया सूर्य नमस्कार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में सूर्य सप्तमी व बसंत पंचमी को समारोहपूर्वक मनाया। बालिकाओं को सामूहिक सूर्य नमस्कार करवाकर बसंत पंचमी पर विस्तार से मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री व कार्यक्रम प्रभारी गोपाल सिंह राव के अनुसार समारोह में अतिथि श्रीमती हेमलता पुरोहित, पूर्व पार्षद मणी देवी, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गणपत सिंह देवड़ा, योगाचार्य भीकसिंह भाटी, डा. नरेंद्र सिंह तोमर, एसडीएमसी सदस्य हंसाराम रावल, जय विक्रम हरण का आथित्य रहा। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर सूर्य नमस्कार करवाया गया। सूर्य मंत्र के साथ सूर्य नमस्कार में करवाए जाने वाले सभी आसनों के बारे में जानकारी दी। भामाशाह भूपेश भाई प्रजापति अध्यक्ष नोपाजी पोशीदेवी प्रजापति सेवा ट्रस्ट व श्रीमती देवकंवर धर्मपत्नी स्व. हरिसिंह राव पोसालिया की तरफ से विद्यालय की सभी बालिकाओं को विद्या की देवी मां सरस्वती बसंत पंचमी के पावन पर्व पर पेन्सिल व पेनें भेंट कीं। बालिकाओं को जीवन बेहतर शानदार जानदार बनाने के लिए लाल, हरी, नीली, काली चार रंगों की लेखनी व कलर देकर कलम की धनी बनने की नसीहत दी। कार्यक्रम प्रभारी गोपाल सिंह राव ने बताया कि हिन्दुस्तान के सर्वांगीण



विकास में केन्द्र व राज्य सरकार शिक्षा,स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम में पदोन्नत प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह आढ़ा, अनिता चौहान, महेंद्र कुमार प्रजापत, वर्षा त्रिवेदी, तृप्ति डाबी, देवी लाल, पारस राजपुरोहित, सुमन कुमारी, लता किरण बंसल, शर्मिला डाबी, श्रद्धा सिंदल, कल्पना चौहान, दिनेश कुमार सुथार, कुसुम परमार, रमेश कुमार मेघवाल, भारती सुथार, ममता कोठारी, कीर्ति सोलंकी, कामिनी रावल सहित विद्यालय परिवार की बालिकाएं उपस्थित रहीं।

## रॉयल राजस्थान पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी उत्सव



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रॉयल राजस्थान पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर्व भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल प्रबंधन, प्रिंसिपल और शैक्षिक प्रभारी व स्टाफ ने पूजा, अभिषेक और आरती के साथ कार्यक्रम का आगाज किया।

मां सरस्वती के सम्मान में नृत्य प्रस्तुतियां, समूह सरस्वती वंदना व इस दिन के महत्व और युवा दिमाग को आकार देने में शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डालने वाले प्रेरक आशीर्वचन दिए गए। बोर्ड परीक्षा के छात्रों को स्कूल प्रबंधन ने उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन प्रिंसिपल जनक प्रताप सिंह राठौड़ की देखरेख में सूर्य नमस्कार के साथ हुआ। जिसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। चेयरमैन दीपक पाठक के आशीर्वाद और शुभकामनाओं ने सभी को समर्पण और दृढ़ता के साथ ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## गांधी पार्क योग संस्थान ने बसंत पंचमी पर्व मनाया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** गांधी पार्क योग संस्थान व वरिष्ठ एवं युवा विकास संस्थान सिरोही ने बसंत पंचमी का उत्सव समारोह पूर्वक मनाया। संस्थान के महामंत्री गोपालसिंह राव ने बताया कि नियमित योग करने वाले सदस्यों को पंडित प्रदीप दवे ने बसंत पंचमी व सूर्य सप्तमी के बारे में धार्मिक व पौराणिक महत्व बताया। सूर्य देवता अविरल गतिशील है। प्रगतिशील इंसान को सूर्य देवता से प्रेरित होकर सदैव गतिशील होना चाहिए। योग संस्थान के अध्यक्ष भीकसिंह भाटी के मार्गदर्शन में योगाचार्य रमेश कुमार बामणिया का बहुमान किया गया। समारोह को शिक्षाविद् गणपत सिंह देवड़ा, समाजसेवी जय विक्रम हरण, गोपाल सिंह राव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डा. राजेन्द्र सिंह तोमर, डा. आवेश खान, गोविन्द भाई, रणछोड़ कुमार, रविन्द्र कुमार सहित नियमित योग करने वाले सदस्य उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी पर विद्यारंभ संस्कार का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिंडवाड़ा।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक नांदिया द्वारा बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया।श्रीमती रेखा कुंवर, व्यवस्थापक अमृतलाल और प्रधानाचार्य रमेश कुमार भाटी ने गणेश जी और मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शुभ मुहूर्त पर नव प्रवेशित भैया बहिनों को स्लेट पर ॐ लिखवाकर उनका विद्यारंभ संस्कार किया गया। प्रधानाचार्य रमेश कुमार भाटी ने कहा कि प्राचीनकाल में बालक की शिक्षा विद्यारंभ संस्कार से आरम्भ की जाती है। यह संस्कार बच्चे के जीवन में ज्ञान और बुद्धिमत्ता की वृद्धि के लिए किया जाता है। इस अवसर पर आचार्य लक्ष्मण सेन, प्रवीण गर्ग, हितेश कुमार, भावेश घांची, नारायण माली, रामाराम, मीनाक्षी देवी, अशोक कुमार, दरजाराम, अशोक प्रजापत, दलाराम, दलजीत, मनीषा, कृष्णा, रणजीत गर्ग और अरविंद देसाई उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ ने किया सूर्य नमस्कार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**दांतराई।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को राज्य सरकार के निर्देशानुसार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमनेश कुमार विश्वकर्मा के अनुसार विद्यालय के सभी छात्रों एवं विद्यालय स्टाफ ने सुबह 9 बजे सूर्य नमस्कार किया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ, विद्यालय SDMC शिक्षाविद् लेहरचंद पुरोहित, समाजसेवी जवान मल पुरोहित सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## सूर्य सप्तमी पर्व पर सूर्य नमस्कार



**मंडार।** कस्बे के राउमावि में सोमवार को सूर्य सप्तमी के पूर्व दिवस पर सूर्य नमस्कार सामूहिक अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन योग प्रशिक्षक विनोद गर्ग के नेतृत्व में किया गया। विद्यालय संचालन एवं सूर्य नमस्कार कार्यक्रम प्रभारी सुरेंद्र गिरी गोस्वामी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए इसे नित्य जीवनशैली में शामिल करने का आह्वान किया। भूराराम मेघवाल ने विद्यार्थियों को हर एक आसन के लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ सहप्रभारी संजय सोलंकी, सतीश कुमार जोशी, जालाराम सुथार, अभिजीत सेन, रामसिंह मीणा, कन्हैयालाल गुरू, ठाकरसी गुर्जर मौजूद रहे।

## कालंद्री में शिशु वाटिका का वार्षिक उत्सव

**कालंद्री।** श्री महावीर आदर्श विद्या मन्दिर माध्यमिक कालंद्री में शिशु वाटिका का वार्षिक उत्सव रामबंधन 2025 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने सरस्वती पूजन दीप प्रज्ज्वलन एवं जय मां भारती नृत्य के साथ किया। बसंत पंचमी पर नव प्रवेशित बालकों का माल्यार्पण पुष्प द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य करण सिंह अध्यक्षता सिंह देवड़ा , मुख्य अतिथि विजय सिंह , विशिष्ट अतिथि जयप्रकाश घांची, शंकर लाल देवासी, हीरालाल तवरी, समिति व्यवस्थापक रतन प्रजापत द्वारा अतिथियों का परिचय करवाया।

# विद्यार्थी देश के महापुरुषों के जीवनी से अपनी बुनियाद को मजबूत बनाएं : बिट्टा

### बिट्टा का विद्यावाड़ी में बालिकाओं ने गर्मजोशी से किया स्वागत





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राष्ट्रीय आंतकवादी विरोधी मोर्चे के चेयरमैन एम. एस. बिट्टा ने बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्ज्वलित करते हुए गोडवाड़ की ख्यातिनाम शिक्षण संस्था मरुधर विद्यापीठ, रानी में बालिकाओं से कहा कि देश के उन महापुरुषों की जीवनी को पढ़ें। जिन्होंने भारत को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आज देश को किताबी ज्ञान की नहीं बल्कि संस्कार व राष्ट्र प्रेम की भावना भरने वाली रोजगारोन्मुक्त शिक्षा की जरूरत है। उन्होंने शहीद भगतसिंह, सुभाषचन्द्र बोस, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, अब्दुल कलाम आजाद, कल्पना चावला, मनमोहन सिंह एवं वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन को समझने का आह्वान करते हुए कहा कि उनकी देश प्रथम की भावना को हमें अपने जीवन में उतारना है। उन्होंने कहा कि आज का युवा भटक रहा है और संस्कारों की कमी के कारण वो गलत रास्तों को अपनाकर सबके लिए एक चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोबाइल आज सीखने व आगे बढ़ने का बड़ा खजाना है लेकिन जरूरत है हम मोबाइल का सही दिशा में उपयोग कर आगे बढ़ें। उन्होंने पंजाब को खालिस्तान बनाने वालों को खुली चुनौती देते हुए कहा भारत माता का सपूत ऐसा कभी होने नहीं देंगे और ऐसे लोगों को देशवासी मुंह तोड़ जबाब देंगे। आज देश में विद्यावाड़ी जैसे संस्थानों की आवश्यकता है, जो बालिकाओं को देश प्रेम, अनुशासन, संस्कार, भाईचारे व सम्मान जैसी आधारभूत शिक्षण प्रदान करते हुए अच्छा नागरिक बनाएं। विद्यावाड़ी स्कूल परिसर का विजिट करने के बाद उन्होंने उसको संचालन करने वाले ट्रस्ट मंडल, प्रिंसिपल व मैनेजमेंट की पूरी टीम के समर्पण को सलाम करते हुए कहा कि वे विद्यावाड़ी में आकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। उन्होंने सभी को देश की अखंडता व अक्षुणता बनाए रखने की प्रतिज्ञा दिलाई। बालिकाओं ने गर्म जोशी से वंदेमातरम् व भारतमाता की जय से सभा भवन को गूंजा दिया। मंच पर कैलाश कावड़िया, भरत राठौड़ व कॉलेज प्राचार्य पुनिता सोनी, इंग्लिस स्कूल प्राचार्या श्रीमती ज्योतिनाथ व मरूधर बालिका विद्यापीठ की प्राचार्या श्रीमती प्रिया संगीता ने बिट्टा एवं पावापुरी ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी महावीर जैन का स्वागत किया।

# कालंद्री : प्रयाग नोबल में वार्षिकोत्सव संपन्न



**प्रसिद्ध गायक स्वागत राठौड़ ने दी प्रस्तुति**

**कालंद्री।** कस्बे में स्थित प्रयाग नोबल का वार्षिकोत्सव रिदम का आयोजन हुआ। संस्थान के निदेशक आचार्य भरत राजपुरोहित ने बताया कि वार्षिकोत्सव में दंडी स्वामी देवानन्द सरस्वती महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। दंडी स्वामी व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर लाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौ सेवक व समाजसेवी दलपत राजपुरोहित मंडवारिया ने की। विशिष्ट आतिथ्य हसमुख कुमार प्रधान पंचायत समिति सिरोही, महिपाल सिंह देवड़ा सरपंच कालंद्री, आनन्दराज आर्य मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सिरोही, नैन सिंह राजपुरोहित,अर्जुन सिंह तंवर,विक्रम सिंह देवड़ा का रहा। वार्षिकोत्सव में प्रसिद्ध पार्श्व गायक एवं ए. आर. रहमान द्वारा आयोजित सिंगिंग टेलेंट शो एराईवड के विजेता स्वागत राठौड़ ने भी विद्यार्थियों के साथ अपनी प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक नाटक, गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रदान की गई। जिला प्रमुख ने अपने उदबोधन में कहा कि हमे बालिका शिक्षा को महत्व देना चाहिए। क्योकि शिक्षा ही समाज के विकास का आधार होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गौ सेवक व समाजसेवी दलपत राजपुरोहित ने कहा कि विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ साथ संस्कार की भावना को पैदा किया जाना चाहिए ताकि वे आने वाले समय में देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

इससे पूर्व संस्थान के निदेशक आचार्य भरत राजपुरोहित ने स्वागत भाषण दिया। वर्ष भर की सहशैक्षिक गतिविधियों में उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का अतिथियों द्वारा शील्ड प्रदान कर बहुमान किया गया। सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के रूप में मनीषा चौहान व चिराग पुरोहित का सम्मान किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मधाम ट्रस्ट कालंद्री के अध्यक्ष वी. आर. पुरोहित, महामंत्री गणेश राजपुरोहित, करण सिंह बालोत, हरचरण पुरोहित, वागाराम माली, नारायण चौधरी, संजय चौहान, नवीन कुमार, दिनेश रायगुर, सुरेश जुगनू, रामसिंह राठौड़, जगदीश माली, मोहन रावल, हाजी खान, धनराज पुरोहित, कृष्ण मेघवाल, अर्जुन मेघवाल, मुकेश सुथार, विनोद चौधरी समेत सैकड़ों अभिभावक, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# भाजपा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** भाजपा नगर मंडल द्वारा एक होटल में नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष श्रीमती रक्षा भंडारी का स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंहल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोघित करते हुए नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने और आगे बढ़ाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर काम करना होगा। पार्टी के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए एकजुट रहने का आग्रह किया। बाबूभाई पटेल, नरपत सिंह राणावत, प्रदेश उपाध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़ ने भी विचार व्यक्त किए। मंच संचालन सुरेश सैनी ने किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती दक्षा देवड़ा, प्रकाश रावल, दिनेश कुमार, प्रेमसिंह लोधा, भगवती सिंह, देवेंद्र निगम, गोविंद भील, अमृत माली, अशोक माली, मुकेश मोदी, पूर्व चेयरमैन गीता देवी, विष्णु मारू, नरेश अग्रवाल, जिला मंत्री अनुराधा जैन, प्रीति बाजपेयी, सुशीला मेघवंशी, बबीता माखीजा, रमेश वैष्णव, पालिका उपाध्यक्ष रवि शर्मा, अमरसिंह, दीपक कुमार, राधेश्याम शाक्य, गोविंद मखीजा, दिनेश जैन, मनीष परसाईं, भूपेंद्र सांवरिया आदि मौजूद थे।

## नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत



**आबूरोड।** गिरवर मंडल की ओर से बगेरी के वीर बावजी मंदिर पर नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत किया गया। माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से पार्टी को और अधिक मजबूत करने की नसीहत दी। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर गिरवर ग्रामीण मंडल के युवा नेता रोशन शर्मा, गणेश बंजारा, अक्षय सेन, अनुराग शर्मा, कुलदीप सिंह, शैलेन्द्र सिंह, गिरवर सरपंच शर्मीली देवी, बगेरी सरपंच भगाराम, नीरज प्रजापत, राजू प्रजापत, आशुराम, प्रकाश देवासी आदि मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में घोटाले का आरोप

### उच्च स्तरीय जांच को लेकर सौंपा ज्ञापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** क्षेत्र के मकावल ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना में मिलीभगत और भ्रष्टाचार को लेकर उपखंड अधिकारी सुबोध चारण को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में नरसाराम पुत्र हिमाराम मेघवाल निवासी मकावल, ग्राम पंचायत मकावल तहसील रेवदर जिला सिरोही ने बताया कि सन् 2017 कि प्रधानमंत्री आवास योजना में चिन्हित था और आवास स्वीकृत हुआ था, लेकिन ग्राम पंचायत मकावल द्वारा कागजो में घोटाला और मिलिभगत कर प्रार्थी को योजना से दूर कर मेरे कागजों से आवास योजना दूसरे व्यक्ति को पात्र मानकर उसे स्वीकृत कर दिया गया। इस बात की जानकारी मिली तो मेरे द्वारा सम्पूर्ण मामले को लेकर बार-बार मौखिक और लिखित रूप से ज्ञापन देकर स्थानीय अधिकारियों को अवगत करवाया लेकिन राजनीतिक कारणों और दबाव से प्रार्थी को न्याय नहीं मिल रहा है। वहीं सरकार की इस योजना मे पात्र परिवार को किनारे कर दिया। जिसके कारण आवेदनकर्ता को आज दिन तक योजना का लाभ नहीं मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना में हुआ घोटाला कागजों में घोटाला कर पात्र परिवार का आशियाना छिन लिया। वहीं ज्ञापन में बताया कि जॉब कार्ड किसी अन्य व्यक्ति के आवेदन में चढ़ाया गया है।

उपखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत मकावल में आवेदनकर्ता के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक घोटाला सामने आया है। जिससे गरीब का आशियाना बनाने का सपना अधूरा रह गया है। कागजों में आवेदनकर्ता नरसाराम के जॉब कार्ड संख्या किसी अन्य आवेदक के पीएम आवास योजना आवेदन पत्र में दर्ज कर दिए जिससे उचित व्यक्ति को मिलने वाला लाभ कोई और व्यक्ति उठा रहा है। प्रशासन को बार-बार अवगत कराने के बावजूद कोई उचित कार्यवाही नहीं की जा रही है। नरसाराम पुत्र हिमाराम मेघवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान हेतु हमारे ग्राम पंचायत मकावल में आवेदन किया गया था एवं सन् 2017 में प्रधानंमत्री आवास योजना मे नाम दर्ज था। जिस पर जारी लिस्ट में क्रमांक नः 10 आईण्डी नम्बर 133005708 है। एवं ग्राम पंचायत के अधिकारियों द्वारा उक्त लिस्ट में से नाम दो तीन बार निरस्त या खारिज कर दिया था तथा ग्राम पंचायत मकावल के तत्कालीन सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा पुछने पर संतोषपूर्ण जवाब नहीं मिला।

## एग्रीस्टेक योजना अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री शिविरों की पूर्व तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** भारत सरकार की एग्रीस्टैक योजना अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के सफल, सुचारू संचालन व पर्यवेक्षण के लिए सूचना प्रौद्योगिकी और संचार के वीसी हॉल में जिला कलक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने शिविरों के सफल संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए एवं शिविर से पूर्व की तैयारियों की समीक्षा की। शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रचार व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के समस्त लाभार्थियों के शत् प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री के पंजीकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। राज्य सरकार की कृषकों के चंहुमुखी विकास की मंशा के अनुरूप फार्मर रजिस्ट्री शिविरों हेतु व्यापक कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

## उथमण की चोरी का खुला राज



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** पुलिस थाना पालड़ी एम में पिछले कुछ माह से पालड़ी हल्के में हो रही चोरियों को लेकर पुलिस रात दिन मुलजिमों की तलाश में जुटी रही तथा आसपास के गांव में रात्रि गस्त में मुस्तैद रहे। दिसंबर 2024 में गौतम ऋषि मंदिर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने के प्रयास किए गए तथा 23 दिसंबर को राड़बर में गजानंद महाराज के प्राचीन मंदिर में अज्ञात चोरों द्वारा दान पात्रों का ताला तोड़कर तथा छात्र वगैरा चोरी किए गए एवं दिनांक 7 जनवरी को ग्राम उथमण में सवाई सिंह, भोपाल सिंह, गरबा राम, मालाराम के मकान में ताले तोड़कर चांदी के जेवरात हुए रोकड़ रुपए चुरा लिए। जिस पर मामला दर्ज कर अज्ञात मुलजिमों की तलाश की गई तकनीकी सहायता की मदद ली गई। सोमवार को भरत पुत्र कानाराम जाति गरासिया निवासी भीमाना, बढ़ाराम पुत्र लालाराम गरासिया, भरतराम पुत्र चुनाराम गरासिया, भरत पुत्र कमलाराम गरासिया को प्रोडक्शन वारंट से उपकार कर बाली से गिरफ्तार किया गया। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

## सड़क पार कर रहे युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** कस्बे में रविवार शाम सड़क पार कर रहे एक युक्क को ट्रक चालक ने अपनी चपेट में लेने के कारण युवक युक्क की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल में की भीड़ जमा हुई। हादसा मुख्य हाइवे मार्ग पर पीथापुरा रोड पर हुआ है। सूचना पर पुलिस ने मौके पहुंचकर सड़क पर बिखरे शव कपड़े में लपेटकर मंडार सरकारी अस्पताल पहुंचाया। एएसआई मोहनलाल बिश्नोई ने बताया कि मृतक की पहचान सवाई सिंह निवासी रतनपुर रानीवाड़ा हाल निवासी मंडार के रूप में की गई।

**लोगों में आक्रोश :** ग्रामीणों की बाईपास की मांग आए दिन हादसे होते हैं। इधर घटनाक्रम के बाद लोगों में आक्रोश देखा गया। लोगों ने बताया कि सालों से ग्रामीण बाईपास की मांग कर रहे हैं। बावजूद इसका निवारण नहीं हो रहा। आए दिन मुख्य बाजार से निकलने वाले हाईवे मार्ग पर हादसे हो रहे हैं।



# राजस्थान विधानसभा में उठे महत्वपूर्ण मुद्दे

## रोहिंग्या घुसपैठियों और किसानों के अधिकारों पर चर्चा

**जयपुर।** विधानसभा में सोमवार को हवा महल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने जयपुर सहित प्रदेश के कई इलाकों में मौजूद बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठियों को वापस भेजने का मुद्दा उठाया। वहीं, शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने पश्चिमी राजस्थान में सौर उर्जा प्लांट लगाने वाली कंपनियों द्वारा किसानों को जमीनों का कम मूल्य देने का मामला उठाया। शून्यकाल शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सदन में कोई अधिकारी नहीं होने पर सरकार को घेरने का प्रयास किया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने संसदीय मंत्री से कहा कि हमारी बात होने के बावजूद ऐसा क्यों है? संसदीय मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा, "हमें प्रश्नकाल तक ही अधिकारी मौजूद रखने का पता था, लेकिन आगे से ऐसा नहीं होगा।" रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान में निकल रही हाईटेंशन लाइन के लिए मुआवजा पूरा नहीं मिल रहा है। यहां किसानों के साथ कुठाराघात हो रहा है।

### मंदिर कॉरिडोर का विकास

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कोटा में वल्लभ संप्रदाय के मथुराधीश मंदिर के विकास का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस मंदिर का कॉरिडोर नाथद्वारा की तर्ज पर विकसित किया जाए। राशि स्वीकृत होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हुआ है।

### सड़क निर्माण और जलजीवन मिशन

विधायक ऋतु बनावात ने अपने विधानसभा क्षेत्र में टूटी सड़कों के निर्माण का मामला उठाया। वहीं बहादुर सिंह ने जलजीवन के कामों में तेजी लाने की बात रखी। नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा ने क्षेत्र में रोडवेज बसों के संचालन में सुधार का मुद्दा उठाया।

### रोहिंग्या को वापस भेजे सरकार

विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि कुछ दलालों ने दस्तावेज बनाकर प्रदेश के लोगों का हक खा रहे हैं। प्रदेश में रह रहे विशेष समुदाय के कुछ लोग अवैध रूप से दस्तावेज बना रहे हैं। साथ ही इनके द्वारा चोरी, हत्या जैसे अपराध हो रहे हैं। ये लोग खाली भूखंडों में रहने लगे हैं। ऐसे में इन घुसपैठियों को वापस भेजा जाए और इनका साथ देने वाले दलालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### जयपुरिया अस्पताल में स्टाफ की कमी

वरिष्ठ विधायक कालिचरण सर्राफ ने जयपुरिया अस्पताल में मरीजों की संख्या के अनुपात में डॉक्टरों और पैरा-मेडिकल स्टाफ की कमी का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि पूर्व में यहां अधिशेष डॉक्टरों को हटा दिया गया था, जिसके बाद से हालात खराब हो गए हैं। वहां लगातार सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, लेकिन चिकित्सकीय स्टाफ की कमी के कारण लोगों को उचित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

### मूंगफली की खरीद में पारदर्शिता

रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने शून्यकाल में एमएसएपी पर मूंगफली की खरीद में पारदर्शिता बरतने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बाजार में मूंगफली पांच हजार रुपए प्रति क्विंटल बिक रही है, जबकि सरकार 7750 रुपए प्रति क्विंटल खरीद रही है। लेकिन दलालों और बिचौलियों के कारण किसानों को नुकसान हो रहा है और उन्हें भुगतान समय पर नहीं मिल रहा है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि सहकारी विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग इसकी जांच करे और प्रति किसान मूंगफली की खरीद सीमा 40 क्विंटल से बढ़ाकर 80 क्विंटल की जाए, ताकि किसानों को लाभ हो सके।

# महाकुंभ भगदड़ के पीछे साजिश!

## संदिग्ध एआई कैमरे में कैद, एसटीएफ जोड़ रही तार



**प्रयागराज।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान पर संगम नोज में मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई थी। मौनी अमावस्या स्नान के दिन मची भगदड़ के पीछे साजिश की आशंका है। यूपी एसटीएफ ने भगदड़ के पीछे साजिश की जांच भी शुरू कर दी है। साथ में एटीएस भी जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, एक बस से 120 संदिग्ध महाकुंभ पहुंचे थे। ये सभी संदिग्ध एआई कैमरे में दिखे हैं। सूत्रों के मुताबिक, मौनी अमावस्या के दिन रात में करीब एक से दो बजे के बीच संगम नोज पर भगदड़ मच गई थी। इसमें 30 लोगों की मौत हो गई थी और 90 श्रद्धालु घायल हो गए थे। घायलों को प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सीएम योगी ने भगदड़ की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया है। अब खबरें आ रही हैं कि भगदड़ के पीछे कोई साजिश थी, यूपीएसटीएफ और एटीएस जांच में जुट गई है।

### एआई कैमरे में दिखे 120 संदिग्ध

- सूत्रों के मुताबिक, महाकुंभ में लगे एआई कैमरे में 120 संदिग्ध नजर आए हैं। ये सभी संदिग्ध एक बस से उतरते दिख रहे हैं। इसके बाद संदिग्धों की पहचान की कोशिश की जा रही है। रेहड़ी पटरी वालों से भी पूछताछ की जा रही है। इतना ही नहीं यूपी एसटीएफ के चीफ अमिताभ यश भी महाकुंभ में कैंप कर रहे हैं। साजिश की जांच के लिए 12 अधिकारियों को लगाया गया है। कहा जा रहा है कि श्रद्धालुओं का एक रेला आया जिसने जमीन पर सो रहे लोगों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। मरने वालों में गुजरात, असम और हरियाणा समेत यूपी के श्रद्धालु थे।

## पूर्व सैनिक के परिवार पर आतंकी हमला

- फौजी की मौत, पत्नी और बेटी घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बड़ा आतंकवादी हमला हुआ है। कुलगाम जिले में सोमवार को आतंकवादियों ने पूर्व सैनिक के परिवार को निशाना बनाया। अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादियों ने कुलगाम के बेहीबाग गांव में पूर्व सैनिक मंजूर अहमद वागे, उनकी पत्नी और बेटी पर फायरिंग की। एक अधिकारी ने बताया, "तीनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां वागे ने गंभीर चोटों के कारण दम तोड़ दिया। वरिष्ठ पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। तलाशी के लिए इलाके की घेराबंदी की गई है।"

### डोटासरा के बयान पर बवाल

## किरोड़ीलाल का नाम ले लगाए गंभीर आरोप

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता गोविंद सिंह डोटासरा के बयान ने सियासी माहौल गरमा दिया। डोटासरा ने सरकार और मुख्यमंत्री पर कई गंभीर आरोप लगाए, जिससे सदन में तीखी बहस छिड़ गई। डोटासरा ने भाजपा नेता डॉ. किरोड़ीलाल मीणा का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने मुझे अपना साढ़ू बोला है, तो मैं उनकी बात को विधानसभा में रखूंगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह मैं नहीं कह रहा हूं, आपके ही डॉ. साहब ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने दौसा में डॉ. किरोड़ीलाल मीणा की पीठ में छुरा घोंपा है।



### रोजाना 60 करोड़ रुपए की बजरी चोरी

उन्होंने राज्य में बजरी चोरी का मुद्दा भी उठाया और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आपके कैबिनेट मंत्री ने स्वयं कहा है कि रोजाना बीसलपुर से 60 करोड़ रुपये की बजरी चोरी हो रही है और सरकार इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही। इसका मतलब है कि पूरी सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। इस बयान के बाद सदन में माहौल और गर्मा गया।

# फिर कोर्ट पहुंचीं आराध्या बच्चन

**मुंबई।** अभिनेता अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक नई याचिका दाखिल की है। इस याचिका में आराध्या ने कई वेबसाइटों से उनके स्वास्थ्य के बारे में फर्जी और भ्रामक जानकारी हटाने की अपील की है। इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने पहले सर्च इंजन गूगल, इंटरटेनमेंट सोशल मीडिया अकाउंट बॉलीवुड टाइम्स और अन्य वेबसाइट्स को आराध्या से जुड़ा ऐसा कंटेंट हटाने का आदेश दिया था। लेकिन फिर भी कुछ वेबसाइट्स पर वो फेक कंटेंट अभी मौजूद है। जिसके बाद उन्होंने नई याचिका दाखिल की है। अभिनेता अमिताभ बच्चन की पोती आराध्या की याचिका पर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने सोमवार को गूगल को नोटिस जारी किया है।

### अभी भी नहीं हटाए गए मेरे फेक वीडियो



### फेक वीडियो हटाने के दिए थे निर्देश

हाईकोर्ट ने 20 अप्रैल, 2023 को यूट्यूब को आराध्या बच्चन की हेल्थ से जुड़ी फेक वीडियो तुरंत हटाने के निर्देश दिए थे। आराध्या बच्चन ने याचिका में कहा था कि यूट्यूब के वीडियोज में उन्हें गंभीर रूप से बीमार दिखाया गया है। आराध्या बच्चन ने अपनी पिछली याचिका में कहा था कि कुछ वीडियो में तो यह भी दावा किया गया था कि उनकी मौत हो गई।

### 17 मार्च को होगी अगली सुनवाई

कोर्ट ने कहा था कि हर शख्स को चाहे वह कोई सेलिब्रिटी हो या आम इंसान, उसे अपनी गरिमा का अधिकार है, जब खासकर उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की बात हो। कुछ वेबसाइटों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया तो आराध्या बच्चन ने दूसरी याचिका दाखिल की है। इसकी अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी।

# भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ी कंकाल तस्करी

- 38 मानव खोपड़ी के साथ एक गिरफ्तार

**जोगबनी (अररिया)।** भारत-नेपाल सीमा से सटे विराटनगर के रानी से मानव खोपड़ी व ट्यूबलर पांव की हड्डियों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। तस्करी कर नेपाल ले जा रहे विराटनगर -15 से 38 मानव खोपड़ियों व 10 ट्यूबलर पावर की हड्डियों के साथ नेपाल सीमा सुरक्षा गश्ती दल ने रविवार की सुबह बिनोद राय को गिरफ्तार किया।

### तस्करों ने बदला अपना पैटर्न

गुप्त सूचना पर सशस्त्र पुलिस बल ने रानी स्थित सीमा शुल्क कार्यालय के गेट नंबर 2 पर जांच की। जांच के दौरान ही पुलिस को इन मानव कंकालों की बरामदगी हुई। क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय रानी के पुलिस निरीक्षक प्रकाश थापा के अनुसार मानव कंकाल के साथ गिरफ्तार विनोद राय से पूछताछ हो रही है। नेपाल सीमा सुरक्षा बल के सशस्त्र पुलिस बल के कमांडर ऋषिकेश राउत के अनुसार राय मानव कंकाल के साथ गिरफ्तार होने वाला विनोद तीसरा व्यक्ति है। यह स्पष्ट नहीं है कि मानव कंकालों को सीमा पार क्यों व किस उद्देश्य से लाया जा रहा है। बताया जाता है कि पूर्व में भी भारतीय सीमा से सटे नेपाल में मानव कंकालों के साथ तस्करों को नेपाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। इससे पूर्व दो बार मारुति वैन से मानव कंकाल बरामद हुए थे, लेकिन इस बार तस्करों द्वारा अपना पैटर्न बदला है।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर में विवाद



- दो बटुकों के बीच झगड़ा, शंकराचार्य पर गंभीर आरोप

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज महाकुंभ में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिविर में दो बटुकों के बीच विवाद हो गया। जानकारी के अनुसार शंकराचार्य के शिविर स्थित यज्ञशाला में बटुकों में आपसी विवाद हुआ। यज्ञ के दौरान दो बटुकों में आपसी विवाद हुआ। दोनों ने यज्ञशाला में आपस में झगड़ा किया। आरोप है कि इसके बाद आचार्य ने विवाद में शामिल छात्रों को डांटा और झगड़ा करने पर उनकी पिटाई की। एक बटुक ने भेदभाव पूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया और हंगामा करने की कोशिश की। जानकारी के अनुसार जिस वक्त यह विवाद हुआ उस वक्त शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद यज्ञशाला में नहीं थे। वह सेक्टर 12 स्थित कैंप में धर्म संसद में शामिल थे। घटना से जुड़े दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगीराज के मुताबिक दो छात्रों ने आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा कर लिया था।

### बयानों से चर्चा में शंकराचार्य

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाकुंभ में अपने बयानों की वजह से लगातार चर्चा में हैं। मौनी अमावस्या पर मची भगदड़ के बाद से ही वह सरकार और सीएम योगी आदित्यनाथ, पर जुबानी हमले कर रहे हैं। भगदड़ में मारे गए लोगों के सरकारी आंकड़े को सिरे से खारिज करते हुए शंकराचार्य ने कहा था कि सरकार झूठ बोल रही है। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा था कि भगदड़ की घटना ने सरकारी इंतजामों की पोल खोल दी है। अधिकारी महाकुंभ में 40 करोड़ और मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का दावा पहले ही कर रहे थे। इस हिसाब से उन्हें व्यापक तैयारी करके रखनी चाहिए थी। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मौतों का आंकड़ा 17 घंटे तक रखने पर अपनी नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि सीएम योगी समेत सभी सरकारी सोशल मीडिया अकाउंट पर घटना की सही जानकारी नहीं देकर लोगों से सिर्फ अफवाहों पर ध्यान नहीं दिए जाने की अपील की जा रही थी।

# रामलला के दर्शनार्थियों की संख्या एक करोड़ के पार

## बसंत पंचमी पर भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

**अयोध्या,** रामनगरी अयोध्या में 26 जनवरी से बसंत पंचमी यानि तीन फरवरी तक एक करोड़ से भी अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं जो कि एक रिकार्ड है। राम की धुन में श्रद्धालु झूम रहे हैं। सोमवार को वसंत पंचमी पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान किया और रामलला और हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन किया।



अयोध्या में बसंत पंचमी पर भोर से ही स्नान शुरू हो गया। दोपहर बाद तक स्नान और दान का सिलसिला जारी रहा। इस बीच श्रद्धालुओं ने दर्शन के लिये मठ-मंन्दिरों का रुख किया। राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में देर शाम तक दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र राम मंदिर बना हुआ है। रोजाना तीन लाख के करीब श्रद्धालु रामलला से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

# दिल्ली में भी भाजपा की होगी बड़ी जीत : गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हाल ही में महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों की तरह दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी भारी जीत की ओर अग्रसर है। भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान गोयल ने आम आदमी पार्टी सरकार पर राजधानी के लोगों को स्वच्छ पेयजल, साफ हवा से वंचित करने और यमुना नदी के पुनरुद्धार जैसे अपने वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "सभी वर्ग के लोगों को नरेन्द्र मोदी और उनकी गारंटियों पर भरोसा है, पांच फरवरी भाजपा के लिए मील का पत्थर और दिल्ली के लोगों के लिए स्वर्णिम दिन साबित होगा।"

### महाराष्ट्र और हरियाणा की पुनरावृत्ति

गोयल ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा की सभाओं में देखी गई भारी भीड़ का हवाला देते हुए कहा, "महाराष्ट्र और हरियाणा की जीत की तरह, भाजपा दिल्ली की सभी सीट पर भारी जनादेश के लिए तैयार है, इनमें वे सीट भी शामिल हैं जिन्हें पहले जीत पाना कठिन माना जाता था।" उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय राजधानी में पूर्वांचलियों, उत्तराखंडियों और अन्य प्रवासी समुदायों के साथ दिल्ली के मूल वासियों सहित सभी वर्गों के लोगों ने भाजपा को समर्थन देने का मन बना लिया है।

# मंत्री ने कहा 'पर्ची सरकार', गरमाई सियासत

## कांग्रेस ने घेरा तो मंत्री को देनी पड़ी सफाई

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस, भजनलाल सरकार को 'पर्ची सरकार' कहकर हमले भी बोलती रही है। अब भजनलाल के मंत्री अविनाश गहलोत ने एक ऐसा बयान दिया, जिससे राजस्थान का सियासी पारा हाई फिर से हाई हो गया है। मंत्री गहलोत का सोशल मीडिया पर एक वीडियो बड़ी तेजी के साथ वायरल हो रहा है, जिसमें वह कहते दिखाई दे रहे हैं कि 'म्हारी तो सरकार पर्ची से चाले'। अविनाश गहलोत के इस बयान के जरिए कांग्रेस ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा।



### डोटासरा ने वीडियो शेयर कर घेरा

गोविंद सिंह डोटासरा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अविनाश गहलोत का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "अब तो खुद सरकार के मंत्री कह रहे हैं, भाजपा सरकार पर्ची से चलती है।" जानकारी के मुताबिक, अपनी सरकार को 'पर्ची सरकार' कहने का अविनाश गहलोत का वीडियो रविवार, 02 फरवरी का है।

### लाम्बिया गांव में बोले थे गहलोत

वह बसंत पंचमी के मौके पर जैतारण विधानसभा के लाम्बिया गांव में जयमल जी जैन राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे। जिस समय अविनाश गहलोत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उस दौरान किसी ने बीच में आकर मंत्री अविनाश गहलोत को एक पर्ची पकड़ाई। इस पर मंत्री ने कहा, "पर्ची लाए हो, म्हारी तो सरकार ही पर्ची से चाले'।

### अविनाश गहलोत बोले-ऐतराज कैसा

अविनाश गहलोत सफाई देते हुए बोले, "मैंने कहा था कि पर्ची लाए हो क्या तो वह कह रहे थे हम पर्ची लेकर आए हैं तो मैंने कहा काम कर देंगे, क्योंकि विपक्ष वाले कहते हैं कि हमारी जो सरकार है पर्ची से चलती है। इसमें एतराज किस बात का है। अगर हम लोग काम करते हैं, विकास करते हैं, राजस्थान को आगे बढ़ाने की बात करते हैं, पर्ची के माध्यम से अगर काम करते है तो एतराज कैसा।"

## जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट

# दिल्ली में बढ़ी मुस्लिम आबादी



- अवैध प्रवासियों से दिल्ली की इकॉनमी पर पड़ा असर

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले आई जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) की एक रिपोर्ट में दिल्ली में अवैध प्रवासियों को लेकर चौंकाने वाले दावे किए गए हैं। दिल्ली में अवैध अप्रवासीः सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक परिणामों का विश्लेषण टाइटल वाली इस रिपोर्ट में जो तथ्य सामने आए हैं वो वाकई हैरान करने वाले हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश और म्यांमार से आए अवैध प्रवासियों के कारण न केवल मुस्लिम आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, बल्कि शहर की जनसांख्यिकी में बदलाव आया है। दिल्ली में अवैध प्रवासियों पर जेएनयू की इस 114 पन्नों की रिपोर्ट से पता चलता है कि कैसे बांग्लादेश और म्यांमार से आए प्रवासियों ने दिल्ली-एनसीआर के सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक ताने-बाने को बदल दिया है, जिसके कारण मुस्लिम आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### अवैध आव्रजन ने सार्वजनिक स्वास्थ्य बढ़ा संकट

अवैध आव्रजन ने सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के जोखिम को बढ़ा दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है, "बिना कागजों वाले प्रवासियों की उपस्थिति डिजास्टर रेस्पॉन्स और क्राइसिस मैनेजमेंट को जटिल बना देती है, क्योंकि आपातकालीन स्थितियों के दौरान इन को अक्सर आधिकारिक राहत प्रयासों से बाहर रखा जाता है।"





रेल यात्रियों/श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सहायता हेतु महत्वपूर्ण जानकारी

बसंत पंचमी - 03.02.2025 | माघी पूर्णिमा - 12.02.2025 | महाशिवरात्रि - 26.02.2025

मुख्य स्नान पर्व से एक दिन पूर्व एवं दो दिन बाद तक प्रयागराज जं., सूबेदारगंज, नैनी जं. एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर निकास एवं प्रवेश की व्यवस्था

प्रयागराज जं. से निकास - केवल सिविल लाइन्स की ओर से
प्रयागराज जं. पर प्रवेश - लीडर रोड द्वारा केवल सिटी साइड की ओर से
प्रयागराज जं. पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. एवं रंग | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 लाल रंग | 1 लाल रंग | वाराणसी एवं लखनऊ की ओर | 7 से 10 |
| 2 नीला रंग | 2 नीला रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 4,5 |
| 3 पीला रंग | 3 पीला रंग | मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना की ओर | 1 |
| 4 हरा रंग | 4 हरा रंग | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 2,3 |
| 5 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

नैनी जं. से निकास - केवल माल गोदाम की ओर से
नैनी जं. पर प्रवेश - केवल स्टेशन रोड से
नैनी जं. पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 हरा रंग | कानपुर की ओर | 2 |
| 1 | 2 नीला रंग | मानिकपुर, चित्रकूट, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी की ओर | 3 |
| 1 | 3 लाल रंग | मानिकपुर, सतना, जबलपुर की ओर | 3 |
| 2 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |
| 3,4 | 4 B,A पीला रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 1 |

प्रयागराज छिवकी स्टेशन से निकास - केवल GEC रोड से
प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश - केवल COD रोड से
प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1B | 1 हरा रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 1,2 |
| 1A | 2 लाल रंग | मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना, जबलपुर की ओर | 3,4 |
| 2 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

सूबेदारगंज स्टेशन से निकास - केवल जी.टी. रोड की ओर से
सूबेदारगंज स्टेशन पर प्रवेश - केवल झलवा की ओर से
सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | – | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 1 |
| 3 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

कुम्भ रेल सेवा ऐप 2025
QR कोड स्कैन कर डाउनलोड करें

महाकुम्भ के दौरान पाएं रेल संबंधित हर जानकारी और सभी समस्याओं का समाधान

रेलवे के टोल फ्री नंबर 1800 4199 139 पर तुरंत संपर्क करें



214/25 (DG)

उत्तर मध्य रेलवे
गतिशीलता ही हमारी पहचान

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in